अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली , शनिवार, 1 नवंबर 2025
PAGE NO : 04 BOTTOM

# स्त्री रोग विशेषज्ञ आज से देंगे व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस में दो दिवसीय प्रसूति एवं स्त्री रोग अपडेट कांफ्रेंस

**अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय प्रथम प्रसूति एवं स्त्री रोग अपडेट कांफ्रेंस शनिवार से शुरू होगी।

बरेली आब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकोलॉजी सोसायटी के सहयोग से कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओर से आयोजित कांफ्रेंस के छह सत्रों में देश के नामचीन स्त्री रोग विशेषज्ञ विभिन्न विषयों के साथ चिकित्सा में एआई की भूमिका पर भी व्याख्यान देंगे।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष एवं कांफ्रेंस की आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. शशि बाला आर्य ने प्रेसवार्ता में कहा कि भ्रूण से स्वस्थ वृद्धावस्था तक थीम पर होने वाली इस कांफ्रेंस में गंभीर प्रसूति विज्ञान में हर निर्णय महत्वपूर्ण और हर क्षण का महत्व, प्रजनन चिकित्सा और आईवीएफ-आशा को जीवन में बदलना, रोबोटिक सर्जरी - गति में सटीकता, देखभाल में उत्कृष्टता जैसे विषयों पर विशेषज्ञ अपने व्याख्यान देंगे।

कांफ्रेंस में मुजफ्फरनगर से रोबोटिक सर्जन डॉ. नूतन जैन, दिल्ली से डॉ. एम गौर्वी देवी, एसजीपीजीआई लखनऊ से डॉ. अनुपम वर्मा, एम्स के पूर्व डीन डॉ. नवनीत मेगन, आगरा से डॉ. निधि बंसल, एसजीपीजीआई चंडीगढ़ से डॉ. इंदु लता, हमदर्द मेडिकल कॉलेज से डॉ. अरुणा निगम, डॉ. आयशा अहमद, यूपीसीओजी की सेक्रेटरी डॉ. भारती माहेश्वरी, डॉ. किशन कपूर और डॉ. आरके मिश्रा जैसे तीन दर्जन से ज्यादा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे।